University in News on 15 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पांच साल बाद पटरी पर लविवि का शैक्षणिक सत्र

पहले सेमेस्टर को छोड़कर आज से शुरू होंगी बाकी सभी कक्षाएं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। पांच साल बाद एक बार फिर से लखनऊ विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र पटरी पर लौट आया है। सोमवार से लविवि का शैक्षणिक सत्र शुरू हो जाएगा। इस बार सभी परीक्षाएं होने के साथ ही ज्यादातर के रिजल्ट भी जारी हो गए हैं।

लविवि में भले ही प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अभी नहीं आए हैं, लेकिन बाकी कक्षाएं अपने ढर्रे पर लौट आई हैं। प्रथम वर्ष के दाखिले की प्रक्रिया इसी माह संपन्न हो जाएगी। अगस्त से उनकी कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। कोविड महामारी के समय वर्ष 2019 से शैक्षणिक सत्र पटरी से उतर गया था। इसकी वजह से प्रवेश प्रक्रिया सितंबर के अंत तक पूरी हो रही थी और पढ़ाई की शुरुआत नवंबर में हो रही थी। इसके चलते विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं फरवरी और सम सेमेस्टर की जून में संपन्न हो पा रही थीं।

तीन पालियों में परीक्षा का फैसला आया काम

- लविवि ने पहली बार तीन पाली में परीक्षा कराई थी। यही वजह है कि जो परीक्षाएं ढाई महीने चलती थीं, वह डेढ़ महीने में ही संपन्न हो गईं। इसका नतीजा यह हुआ कि समय से परीक्षा होने के बाद मूल्यांकन का काम भी हो गया। इस समय ज्यादातर पाठ्यक्रमों के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। बचे हुए रिजल्ट भी अगले सप्ताह घोषित हो जाएंगे।

पहली बार होगी स्नातक चौथे साल की पढ़ाई

- लविवि का नया शैक्षणिक सत्र इस लिहाज से भी खास है कि इस बार स्नातक चौथे साल के विद्यार्थी पढ़ाई शुरू करेंगे। लविवि ने वर्ष 2020 में नई शिक्षा लागू करते हुए चार वर्षीय स्नातक की शुरुआत की थी। वर्ष 2020 में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी अब चौथे साल में पहुंच गए हैं। हालांकि लविवि ने सिर्फ 7.5 सीजीपीए से अधिक वाले छात्रों को ही चौथे साल में दाखिला देने का नियम बनाया है।

“हमने कोशिश जारी रखी

कोविड महामारी के समय कक्षाओं के साथ ही पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। इसके बावजूद लविवि प्रशासन ने अपनी कोशिश जारी रखी। इन्हीं कोशिशों की वजह से एक बार फिर से हमारा सत्र पटरी पर आ गया है। - प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

बिना किसी कारण परिसर में घूमने पर होगी कार्रवाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक व अन्य कोर्सों की कक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। बिना किसी उपयुक्त कारण के परिसर में घूमने वाले व्यक्तियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। परिसर में शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। कुलसचिव की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, परिसर में छात्र-छात्राओं का वाहन सहित प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परिसर में छात्र-छात्राओं के पास परिचय पत्र होना जरूरी है। (संवाद)

22 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को स्नातक की प्रवेश परीक्षा हुई। अलग-अलग विषयों की दो पालियों में हुई प्रवेश परीक्षा में करीब 22 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने द्वितीय परिसर में हुई प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण किया।नकल विहीन परीक्षा को लेकर कक्ष निरीक्षक को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्नातक के बीए कोर्स में 77 फीसदी जबकि बीवोक में 76 फीसदी अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। (संवाद)

20 जुलाई तक जमा होगी हॉस्टल की फीस

लखनऊ। लविवि के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन शुरू हो गया है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीएचडी छात्रों को नियमानुसार छात्रावास आवंटित हो गया है। पीएचडी की छात्राओं को गोल्डन जुबली और बीआर अंबेडकर छात्रावास, जबकि छात्रों को बलरामपुर व एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया है। छात्रावास की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से छात्रावास की फीस जमा होगी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू में नया सत्र आज से छात्र परिचय पत्र साथ लाएं

तैयारी

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय का नया सत्र शैक्षिणक सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। नए सत्र को लेकर विश्वविद्यालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नए सत्र को लेकर कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने निर्देश भी जारी किए है। छात्र अपने वाहन गेट संख्या एक, तीन और चार पर खड़ा करना होगा। वहीं विवेकानंद द्वार से शिक्षक, अधिकारीगण, कर्मचारी और दिव्यांग छात्रों का प्रवेश होगा। शैक्षणिक परिसर में छात्र-छात्राओं के वाहन सहित प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। परिसर में वाहन सहित कोई छात्र घूमता पाया गया तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बीए में प्रवेश के लिए 77 फीसदी ने दी परीक्षा

एलयू में स्नातक प्रवेश परीक्षा के अन्तर्गत रविवार को दो पालियों में परीक्षा हुई। सुबह की पाली में बीए में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली में बीवोक में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। बीए में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में 23 फीसदी ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 77 फीसदी परीक्षा में शामिल हुए।

पीएचडी छात्रों को हास्टल आवंटन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन सत्र 2024-25 के लिए शुरू कर दिया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को पीएचडी के शोधार्थियों को नियमानुसार छात्रावास का आवंटन कर दिया गया। पीएचडी की छात्राओं को गोल्डन जुबली एवं बी आर अंबेडकर हॉस्टल तथा छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया।

i-NEXT PAGE 4

आज से खुलेगा एलयू क्लासेस भी शुरू होंगी

कक्षाओं की समय सारिणी वेबसाइट पर अपलोड की गई

LUCKNOW (14 JULY): गर्मी की छुट्टियों के बाल लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार से खुल जाएगा. पहले दिन से ही विषम सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू करने के लिए कई विभाग ने कक्षाओं की समय सारिणी भी वेबसाइट पर जारी कर दी है. विस्तृत समय सारिणी एलयू की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/पर अपलोड किया गया है. एमए समाज शास्त्र और एमएससी कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं भी सोमवार से शुरू होंगी.

प्राक्टर ने जारी किए निर्देश

सोमवार से एलयू नए सत्र के लिए खुल जाएगा. प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने नए सत्र को लेकर संडे को निर्देश जारी किए हैं. स्टूडेंट्स अपने वाहन गेट नंबर एक, दो, तीन, चार व सात पर बने वाहन स्टैंड पर रखकर प्रवेश कर सकेंगे. स्टूडेंट्स को अपने साथ परिचय पत्र या छात्रत्व की पुष्टि के लिए अभिलेख प्रतिदिन साथ लेकर आना होगा. जिन शिक्षकों, कर्मचारियों व दिव्यांग विद्यार्थियों को वाहन पास दिए गए हैं, उन्हें विवेकानंद द्वार से प्रवेश दिया जाएगा. स्टूडेंट्स को अनावश्यक रूप से समूह बनाकर इधर उधर न बैठने व घूमने के निर्देश दिए गए हैं.

एलयू ने जारी किया हास्टल आवंटन

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन सत्र 2024-25 के लिए शुरू कर दिया गया है. चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को पीएच.डी के शोधार्थियों को नियमानुसार छात्रावास आवंटित किया गया. पीएच.डी छात्राओं को गोल्डन जुबली, बीआर अंबेडकर हॉस्टल तथा छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया। बताया कि 20 जुलाई तक छात्र अपनी फीस ऑनलाइन जमा करके संबंधित छात्रावास में रिपोर्ट कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को संदेश भेज दिया गया है।

AMRIT VICHAR PAGE 8

लविवि: आज से शुरू होगा नया सत्र

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का नया सत्र आज से आरंभ होने जा रहा है। इसको लेकर कुलानुशासक प्रो . राकेश द्विवेदी ने सभी विभाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। कुलानुशासक का कहना है कि सभी छात्र अपने वाहन 1, 3 और 4 पर खड़ा करें। विवेकानंद द्वार से शिक्षक, अधिकारीगण, कर्मचारी और दिव्यांग छात्रों का प्रवेश होगा।

लविवि परिसर को नो व्हीकल जोन बनाने का प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि जल्द ही नो व्हीकल जोन बनाने का प्रयास करने जा रहा है। इसको लेकर विवि के विद्यार्थियों और कर्मचारियों से अपील की गई है। विवि प्रशासन बाहरी विद्यार्थियों और अनावश्यक आने जाने वालों पर भी प्रतिबंधित लगाने जा रहा है। इसको लेकर कुलानुशासक प्रो . राकेश द्विवेदी ने आदेश जारी किए हैं।

लविवि के शोधार्थियों को आवास आवंटित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन सत्र 2024-25 के लिए प्रारंभ कर दिया गया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो . अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन पीएचडी की छात्राओं को गोल्डन जुबली एवं बीआर आंबेडकर हॉस्टल तथा छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया। बताया कि 20 जुलाई तक छात्र अपनी फीस ऑनलाइन जमा करके संबंधित छात्रावास में रिपोर्ट कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को संदेश भेज दिया गया है।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में लखनऊ के अंशुल का कमाल

माई सिटी रिपोर्टर

प्रतियोगिता के आधिकारिक फोटो और वीडियो के लिए हुआ था लविवि के शोधार्थी अंशुल मेहरोत्रा का चयन

लखनऊ। भारतीय क्रिकेट के पुराने धुरंधरों ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए यह लम्हा दोहरी खुशी वाला है। विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से पीएचडी कर रहे अंशुल मेहरोत्रा इस प्रतियोगिता में आधिकारिक फोटो और वीडियो लेने के लिए चुने गए थे।

अंशुल मेहरोत्रा

अंशुल मेहरोत्रा ने बताया कि उनके लिए यह बेहद खुशी का पल है। टी-20 क्रिकेट में पहला विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के दिग्गजों ने पाकिस्तान को हराकर यह खिताब जीता। युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, यूसुफ पठान, इरफान पठान और हरभजन सिंह वर्ष 2007 में हुए टी-20 विश्वकप की विजेता टीम का भी हिस्सा थे। डब्ल्यूसीएल-2024 में एक बार फिर से पाकिस्तान को हराना सुखद है। अंशुल ने इसके लिए डब्ल्यूसीएल के अध्यक्ष हर्षित तोमर का विशेष रूप से आभार जताया जिनकी वजह से उन्हें चुना गया।

जीत चुके हैं कई फोटोग्राफी पुरस्कार

- अंशुल इससे पहले यूरोपीय आयोग की ओर से आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता रह चुके हैं। विश्व फोटोग्राफी पुरस्कार लंदन से वर्ष 2018 के लिए नामांकित होने के साथ ही वर्ष 2015 में यूरोपियन डवलपमेंट डेज ब्रुसेल्स में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। नेशनल जियोग्राफिक चैनल के रियलिटी शो कवर शॉट सीजन-2 के प्रथम उपविजेता, हंगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कैनन फोटो मैराथन के विजेता रहने के साथ ही अंशुल के नाम कई अन्य उपलब्धियां हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

छुट्टियों के बाद आज से खुलेगा लवि, कक्षाएं भी शुरू होंगी

जागरण संवाददाता • लखनऊ : गर्मी की छुट्टियों के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार से खुल जाएगा। पहले दिन से ही विषम सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू करने के लिए कई विभाग ने कक्षाओं की समय सारिणी भी वेबसाइट पर जारी कर दी है। छात्र-छात्राओं को इसी के अनुसार कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। विस्तृत समय सारिणी लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड किया गया है। एम.ए समाज शास्त्र और एम.एससी कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं भी सोमवार से शुरू होंगी।

नए सत्र के लिए प्राक्टर ने जारी किए निर्देश : सोमवार से लवि नए सत्र के लिए खुल जाएगा। प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने नए सत्र को लेकर रविवार को निर्देश जारी किए हैं। छात्र-छात्राएं अपने वाहन गेट नंबर एक, दो, तीन, चार व सात पर बने वाहन स्टैंड पर रखकर पैदल प्रवेश कर सकेंगे। छात्र-छात्राओं को अपने साथ परिचय पत्र या छात्रत्व की पुष्टि के लिए अभिलेख प्रतिदिन साथ लेकर आना होगा। जिन शिक्षकों, कर्मचारियों व दिव्यांग विद्यार्थियों को वाहन पास दिए गए हैं, उन्हें विवेकानंद द्वार से प्रवेश दिया जाएगा। छात्र-छात्राओं को अनावश्यक रूप से समूह बनाकर इधर उधर न बैठने व घूमने के निर्देश भी दिए गए हैं।

हास्टल आवंटन जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन सत्र 2024-25 के लिए शुरू कर दिया गया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को पीएच.डी के शोधार्थियों को नियमानुसार छात्रावास आवंटित किया गया। पीएच.डी छात्राओं को गोल्डन जुबली, बीआर अंबेडकर छात्रावास और छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास दिया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

लविवि में छात्रावास आवंटन प्रक्रिया प्रारंभ

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष से रह रहे छात्र-छात्राओं का छात्रावास

पीएचडी के छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटित

आवंटन सत्र 2024-25 के लिए प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सबसे पहले रविवार को पीएचडी के शोधार्थियों को नियमानुसार छात्रावास का आवंटन कर दिया गया। पीएचडी की छात्राओं को गोल्डन जुबली एवं बी.आर.अंबेडकर हॉस्टल तथा छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया है। जिसकी सूची लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पुनः आवंटन के लिए चयनित अभ्यर्थी 20 जुलाई तक अपनी फ़ीस ऑनलाइन जमा करके संबंधित छात्रावास में रिपोर्ट कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनकी मेल आईडी पर ऑनलाइन फ़ीस जमा करने का संदेश भेज दिया गया है।

बीए और बी.वीओसी की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए स्नातक की प्रवेश परीक्षाएं जारी है। इसी कड़ी में रविवार को भी दो पालियों में प्रवेश परीक्षाएं सम्पन्न हुई। इस दौरान लविवि के दोनों परिसर में प्रथम पाली में बीए की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 77 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी तहर दूसरी पाली में बी.वीओसी की प्रवेश परीक्षा में 76 फीसद विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो.मनुका खन्ना ने लविवि के द्वितीय परिसर में प्रथम पाली की प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

LOKSATYA PAGE 2

लविवि का नया सत्र आज से होगा शुरू

वाहन सहित परिसर में घूमने पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र-2024-2025 का आरम्भ 15 जुलाई से हो रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से व्यवस्थाएं की गई हैं और कुछ गाइडलाइन जारी की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलानुशासक प्रो० राकेश द्विवेदी के ओर से जारी निर्देश के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित वाहन स्टैण्ड पर अपना वाहन खड़ा करने के उपरान्त परिसर में प्रवेश करने का कष्ट करें।

छात्र-छात्राओं को अपना वाहन परिसर स्थित निर्धारित वाहन स्टैण्ड द्वार संख्या 01, विवेकानन्द द्वार (द्वार संख्या 03) की दाहिनी तरफ (द्वार संख्या 04 के समीप) दो पहिया वाहन एवं विवेकानन्द द्वार के बाएं तरफ (द्वार संख्या 02 के समीप) चार पहिया वाहन तथा द्वार संख्या 07 पर रखने के उपरान्त शैक्षणिक परिसर में पैदल प्रवेश करेंगे। शैक्षणिक परिसर में छात्र-छात्राओं का वाहन सहित प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। यदि कोई छात्र प्रवेश द्वार से अनाधिकृत रूप से अपने वाहन सहित प्रवेश करने की कुचेष्टा करेगा अथवा परिसर में वाहन सहित घूमता हुआ पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक,विधिक कार्यवाही की जाएगी।छात्र-छात्राएं परिसर में अनावश्यक रूप से समूह बनाकर इधर-उधर न बैठे और न ही घूमें। शैक्षणिक परिसर में बाहरी विद्यार्थियों, व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया निषिद्ध रहेगा।

विश्वविद्यालय

- व्यवस्था बनाने के लिए गाइड लाइन जारी की गई
- छात्र-छात्राएं अपना परिचय-पत्र प्रतिदिन साथ लेकर आएं

बिना किसी उपयुक्त कारण के परिसर में घूमने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समुचित कार्यवाही की जायेगी। छात्र-छात्राएं अपने साथ अपना परिचय-पत्र/छात्रत्व की पुष्टि हेतु अभिलेख प्रतिदिन साथ लेकर आएंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक परिसर को स्वच्छ एवं हरित परिसर के साथ-साथ वाहन निषिद्ध क्षेत्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है।. परिसर में आने वाले सभी आगन्तुकों हेतु पैदल प्रवेश द्वार संख्या 01, द्वार संख्या 02, विवेकानन्द द्वार (द्वार संख्या 03), द्वार संख्या 04 एवं द्वार संख्या 07 से रहेगा।परिसर में प्रवेश हेतु जिन शिक्षको, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा दिव्यांग छात्र-छात्राओं को इस कार्यालय द्वारा वाहन पास निर्गत किए गए हैं, उन्हें विवेकानन्द द्वार से परिसर में प्रवेश दिया जायेग। परिसर में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित है।

TOI PAGE 2

LU academic session begins today, guidelines set for all

A Bid To Make Varsity Campus Clean & Green

TIMES NEWS NETWORK

Representative Picture

Guidelines have been issued to all the students to carry ID cards daily

Lucknow: Classes of Lucknow University's new academic session 2024-25 will begin from Monday. A detailed guideline of campus rules was issued by chief proctor Rakesh Dwivedi on Sunday for both students and teachers to follow in the academic session 2024-25.

Advocating that rules are for everybody, the proctor has asked teachers, officials and non-teaching employees to park their vehicles at the designated vehicle stand. Students are also instructed to park their vehicles at the designated vehicle stand on the campus.

"Students are not allowed to bring vehicles inside the university. If any student is found violating this rule action will be taken as per rules. Students should also not sit or roam around unnecessarily in groups on the campus," Dwivedi said.

He added that only enrolled students can enter the campus. If any student will be found roaming on the campus along with an outsider action will be taken against both. LU students should also carry their identity cards and documents like fee receipts daily, the chief proctor said. "The LU administration is making efforts to make it a clean and green campus and a 'No vehicle zone' in which the cooperation of all the members of the university is required. All visitors coming to the campus will have pedestrian entry through gate number one, gate number two, Vivekanand Gate (gate number three), gate number four and gate number seven," said proctor.

He said teachers, officers and employees and disabled students, who have been issued the vehicle pass by this office for entering the campus, will be allowed entry on the campus through Vivekanand Gate.

LU failed to conduct classes in July in the last three years due to the Covid-19. The university's academic session was delayed by five months — the admissions process was completed in Sep end, classes began in Nov and semester examinations were conducted in Feb. Before the pandemic, academic sessions used to begin in July, while semester examinations were held in Dec.

NPGC to start BCom counseling today

National PG College (NPGC) winded up with counselling for admission to its BA courses. From Monday counselling for admission to BCom courses will begin. The college is expected to complete the counselling process by this week and begin classes by July 23.

VoL PAGE 6

लविवि प्रवेश परीक्षा का प्रतिकुलपति ने किया निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को बीए और बीवॉक की प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। पहली पाली में बीए और दूसरी पाली में बीवॉक की परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान प्रथम पाली में विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने निरीक्षण किया। फिलहाल सुबह की पाली की बीए प्रवेश परीक्षा में 77 प्रतिशत और शाम की पाली में बीवॉक की प्रवेश परीक्षा में 76 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

लविवि में शोधार्थियों को छात्रावास आवंटित: लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन सत्र 2024-25 के लिए शुरू कर दिया गया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम रविवार को पीएचडी के शोधार्थियों को नियमानुसार छात्रावास का आवंटन कर दिया गया। पीएचडी की छात्राओं को गोल्डन जुबली एवं बीआर अंबेडकर हॉस्टल तथा छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया। इसकी सूची लखनऊ विश्वद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पुनः आवंटन के लिए चयनित अभ्यर्थी 20 जुलाई तक अपनी फीस ऑनलाइन जमा करके संबंधित छात्रावास में रिपोर्ट कर सकते हैं।